राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर–सहारनपुर हाइवे के पास सड़क–दुर्घटना में हुई लोगों की मृत्यु पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 14 मई 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर–सहारनपुर हाइवे के पास सड़क–दुर्घटना में हुई लोगों की मृत्यु पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है। ज्ञातव्य है कि इस सड़क–दुर्घटना में बिहार के रहनेवाले व्यक्तियों की भी मृत्यु हुई है।

राज्यपाल ने उक्त सड़क–दुर्घटना को अत्यन्त दुःखदायी बताते हुए मृतकों के शोक–संतप्त पारिवारिक सदस्यों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। राज्यपाल ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

....